# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री


2 स्नेहा ने नेशनल जू-जित्सु चैम्पियनशिप में जीते दो पदक





## खबर संक्षेप

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आज

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा कार्यालय जांजगीर मे बुधवार 15 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे जांजगीर चाम्पा विधानसभा के कार्यकर्ताओ को शिक्षा मंत्री व अतिथिगण संबोधित करेंगे। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद कमला पाटले, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, अशोक चावलानी जिला सहसंगठन प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल की उपस्थिति मे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कार्यक्रम मे जांजगीर चाम्पा विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने का आग्रह किया है कार्यक्रम मे भाजपा के सभी जिला पदाधिकारीगण जांजगीर चाम्पा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष गण हितेश यादव ध्वजाराम साहु समर्थ सिंह संतोष थवाईत व सभी महामंत्रीगण व संकल्प अभियान के संयोजक सहसंयोजक कार्यक्रम की तैयारी मे लगे हुए है। उक्ताशय की जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अग्रवाल ने दी।

### अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 33-अकलतरा, 34-जांजगीर-चांपा, 35-सक्ती (आंशिक), 37-जैजैपुर (आंशिक) एवं 38 पामगढ़ (अ.जा.) अंतर्गत कुल 1006 मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त व फोटोरहित निर्वाचक नामावलियों यथा मदर रोल एवं आयोग के निर्देशानुसार अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य किये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य फर्मों से पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### सफलता संकल्प उत्सव ज्ञान सेवा और प्रेरणा का संगम कल

**जांजगीर-चांपा।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी जांजगीर-नैला द्वारा आयोजित मेगा इवेंट "सफलता संकल्प उत्सव 2025 का भव्य आयोजन गुरूवार 16 अक्टूबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर में दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक संपन्न होगा। यह आयोजन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों, प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रेरक संस्थाओं को एक ही मंच पर सम्मानित करने का विशेष अवसर बनेगा। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही हरि लीला ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता महापरीक्षा अभियान के विधानसभा स्तरीय फाइनल राउंड के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं, तथा विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी मंच पर सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 25 तक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

---

### साल के सबसे बड़े त्यौहार में तीन दिन का समय बाकी

# फीकी ना पड़ जाए पालिका कर्मियों की दीपावली, दो माह से वेतन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साल का सबसे बड़ा त्यौहार दीपावली को अब सप्ताह भर भी शेष नहीं है। बाजारों में विभिन्न प्रकार के ऑफर के साथ खरीददारी का दौर शुरू हो गया है। ऐसे समय में जांजगीर, नैला नगर पालिका परिषद के नियमित और प्लेसमेंट के कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझने विवश है। दरअसल यहां के अधिकारी- कर्मचारियों को बीते दो महीने से वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में इनकी दीपावली फीकी ना पड जाए, इस बात की चिंता सताने लगी है।

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला में 150 से भी अधिक नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारी काम कर रहे है। इन कर्मचारियो को अगस्त एवं सितम्बर महीने के वेतन का भुगतान नही किया जा सका है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्या खडी हो गई है। तीन दिनों के बाद देश का सबसे बडा त्यौहार दीपावली भी सामने है। ऐसे में कर्मचारियों को समय पर वेतन नही मिलने की स्थिति मे कर्मचारियो की दीपावली फीकी रह सकती है। पालिका में 50 नियमित तो वही 100 सौ से भी अधिक प्लेसमेंट कर्मचारी कार्य कर रहे है। जांजगीर पालिका परिषद की आबादी समय के हिसाब से बढती ही जा रही है। वही यहां की आबादी 50 हजार के करीब भी है। साथ ही साथ शहर मे 25 वार्डो में बंटा हुआ है। पालिका परिषद में कामकाज को लेकर कर्मचारियो की नियुक्ती शासन स्तर से की गई है। वही नगर के विभिन्न वार्डो के साफ सफाई को लेकर प्लेसमेंट कर्मचारी भी रखे गए है। ये कर्मचारी अपने कामकाज को तो देख ही रहे है वही काम भी कर रहे है, लेकिन सबसे बडी समस्या समय पर वेतन का भुगतान नही हो पा रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों के समक्ष रोजी रोटी का संकट पैदा हो रहा है। कर्मचारियो को अगस्त एवं सितम्बर महीने का वेतन भुगतान नही हो सका है। तीन दिनो के बाद दीपावली का त्यौहार है। ऐसे मे समय पर वेतन नही मिल पाने की स्थिती में कर्मचारियो की दिपावली फीकी रह सकती है। खास बात यह है कि पालिका परिषद में कार्यरत कर्मचारियो को समय पर वेतन का भुगतान किए जाने को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया है।




#### नवरात्रि व दशहरा में भी नही हुआ भुगतान

नगर पालिका जांजगीर-नैला के कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। ऐसे में बीते सितंबर और अक्टूबर महीने में जहां नवरात्रि पर्व तथा दशहरा का त्यौहार तंगहाली में गुजर गया, तो वहीं सितंबर में भी तीज त्यौहार और पितृ पक्ष में वेतन भुगतान पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसी स्थिति में दैनिक जरूरतों की सामग्री लेने के अलावा अब त्यौहारी सीजन में भी पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

#### हर साल बनी रहती है समस्या

त्यौहारी सीजन के दौरान पालिका अंतर्गत काम करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की समस्या हर साल बनी रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार नगरीय प्रशासन विभाग के अफसर पालिका कर्मचारियों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। जिसके चलते कर्मचारियों को दशहरा, दीपावली एवं होली त्यौहार के दौरान वेतन की समस्या से जूझना पड़ता है। खास बात यह है कि नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा भी पालिका कर्मचारियों को त्यौहार के पहले वेतन देने के संबंध में निर्देश जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद भी कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका है।

#### भेजे है मांग पत्र

पालिका कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। इस समस्या को लेकर मांग पत्र भेजा जा चुका है। राशि प्राप्त होते ही वितरण कर दिया जाएगा। वहीं वेतन भुगतान को लेकर ध्यान दिया जाएगा।

-विक्रांत भगत,
सीएमओ, नपा जांजगीर नैला

---



जब्त किए गए वाहन।

# अवैध रेत व चूना पत्थर परिवहन पर कार्रवाई, आधा दर्जन वाहन जब्त

### खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खनिज विभाग द्वारा करही, डभरा और चन्द्रपुर क्षेत्र में अवैध रेत व चूना पत्थर परिवहन पर कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन वाहनों की जब्ती बनाई गई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी के. के. बंजारे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा रात्रि भ्रमण के दौरान करही, डभरा एवं चन्द्रपुर क्षेत्र से खनिज रेत एवं निम्न श्रेणी चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर 4 हाईवा एवं 2 ट्रेक्टर कुल 6 वाहनों को जप्त किया जा कर पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया है। अवैध उत्खनन और परिवहन के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिलें में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले के द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है।

## तलवार लेकर जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर तलवार से जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली कके वार्ड क्रमांक 18 का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी पवन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी देवप्रकाश यादव वहां पर आया और उसे रंजिश को लेकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये तलवारनुमा हथियार को लेकर मारने के लिये लहराते हुये दौडा, जिस पर वह जान बचाकर भागने लगा। थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी देवप्रकाश यादव को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना घटित जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर, राकेश राठौर, प्रकाश राठौर, विनोद कुमार राठौर, उमेश रत्नाकर का योगदान रहा।

---

## ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत 3 शराबी चालकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 37 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही ड्रिक एंड ड्राइव अभियान के तहत 3 शराबी चालकों को पकड़ा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में अलग अलग जगहों से 3 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त सघन वाहन चेकिंग के दौरान तेज गति (ओवरस्पीडिंग) से वाहन चलाने, बिना हेलमेट के मोटर सायकल चलाने, ट्रिपलिंग सवारी मो.सायकल में एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर इस प्रकार 37 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर समन शुल्क लिया गया है। मालवाहक गाड़ियों में सवारी बैठाकर ले जाने वाले एवं तेज गति वाहन चालकों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत 13 अक्टूबर को 3 व्यक्तियों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर चालकों के विरूद्ध के धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए वाहनों को जप्त किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया। शराब के नशे में वाहन न चालांए, हेलमेड पहन कर मोटर सायकल चलाए, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नहीं करने सहित अन्य जानकारियां दी गई।



### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित सैनिक स्कूल में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट पर 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अंबिकापुर स्थित सैनिक स्कूल में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी।

## मछली पकड़ने को लेकर पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तालाब में मछली पकडने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या

**खास बात**

- विशेष न्यायाधीश सुनीता साहू ने सुनाया फैसला, नवागढ़ के ग्राम महंत का मामला

मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 500-500 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला विशेष न्यायाधीश सुनीता साहू ने सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक धीरज कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम महंत के मल्ला तालाब में 11 अप्रैल 2023 को मछली पकड़ने को लेकर यह घटना हुई थी, तालाब में मछली पालन का ठेका संतोष यादव ने लिया था, घटना की रात रमेश्वर प्रसाद सूर्यवंशी अपने साथी अशोक सूर्यवंशी, प्रदीप करण और रवि किरण के साथ तालाब में मछली पकड़ने गया था. तभी पहले से तालाब किनारे पहले से छिप कर बैठे संतोष यादव व उसके तीन पुत्र आकाश, प्रकाश उर्फ छोटू और विकास उर्फ गोलू यादव ने रमेश्वर को पकड़कर लाठी-डंडे से बुरी तरह पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी, जबकि उसके अन्य साथी डर के मारे मौके से भाग निकले थे। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को तालाब में फेंककर सबूत मिटाने की कोशिश की, जिससे उन्हें अपराध के सबूत मिटाने पर भी दोषी पाया गया, अगले दिन सुबह गांव के व्यक्ति द्वारा शव देखे जाने की सूचना उसके भाई को मिली, जिसके बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। ग्राम महंत के पटेलपारा निवासी संतोष यादव, आकाश कुमार यादव, प्रकाश यादव, विकास यादव आजीवन सश्रम कारावास व 500-500 रुपए का जुर्माना, 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास व 500-500 रुपए जुर्माना, 2-3 माह का कारावास, 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले की पैरवी लोक अभियोजक धीरज कुमार शुक्ला ने की।




## दूसरे की जमीन को अपना बताकर फर्जी तरीके से कराई रजिस्ट्री, पति-पत्नी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा का मामला

दूसरे की जमीन को अपना बताकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले पति पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौतम राठौर जो जमीन खरीदी बिक्री का काम करता है। जिसके द्वारा ग्राम हथनेवरा में किसी अन्य की जमीन को अपनी पत्नी की जमीन होना बताकर 30 लाख रुपया में बिक्री किया है, जबकि उक्त जमीन गंगेश्वर, देवेंद्र पटेल निवासी कोटाडाबरी थाना चांपा की जमीन है। जिसमें उक्त दोनों का कब्जा है और वे धान फसल लगाते है। आरोपी गौतम राठौर एवं उनकी पत्नी ने छल करते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन को अपना जमीन बताकर बिक्री करना पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना चांपा धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपी फरार है जिनकी गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने दोनों आरोपियो के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवी के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी गौतम राठौर के विरूद्ध पूर्व में भी थाना चांपा में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। तब से आरोपी गौतम राठौर फरार चल रहा है। इस तरह से फर्जी रजिस्ट्री का जुर्म दर्ज होने से उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि संभावित स्थानों पर आरोपियों की धर पकड के लिए दबिश दी जाएगी। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

---

### सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग रखने लोगों से की चर्चा

# स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा

स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने बम्हनीडीह ब्लाक के विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सूखे एवं गीले कचरों को अलग अलग रखने लोगों से चर्चा की। साथ ही साथ ग्राम पंचायतों को संपूर्ण स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

ज्ञात हो कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राज्य सलाहकार एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी श्रीमती मोनिका सिंह ने मंगलवार 14 अक्टूबर को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत पिपरदा, पुछेली, खपरीडीह, सोनाईडीह एवं गोविंदा का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्वच्छाग्राही से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन के गीले और सूखे कचरे के पृथकीकरण के विषय में विस्तार से चर्चा किया। ग्रामीणों द्वारा घर से देने वाले कचरे को अलग अलग करने हेतु आग्रह एवं सभी लोगो को प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने गाँव की संपूर्ण स्वच्छता के लिये, प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता कि दिशा में कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने यूज़र चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि के विषय में चर्चा कर स्वच्छग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर उनके निरंतर उपयोग व रखरखाव के बारे में जानकारी ली। इस दौरान स्वच्छाग्राही के अध्यक्ष ,सचिव, समूह की दीदियां व गांव के सरपंच, सचिव, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

बताया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राज्य सलाहकार एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी ने मंगलवार 14 अक्टूबर को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत पिपरदा, पुछेली, खपरीडीह, सोनाईडीह एवं गोविंदा का भ्रमण किया। साथ ही गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर उनके निरंतर उपयोग व रखरखाव के बारे में जानकारी ली।




ग्रामीणों को जागरूक करने पहुंची स्वच्छ भारत मिशन की सलाहकार।

## लंबे समय से अपहृत नाबालिग के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि अज्ञात व्यक्ति नाबालिक बालिका को वर्ष 2023 में बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था, जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। अपहृत नाबालिका एवं आरोपी की थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। इसी कड़ी में एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अकलतरा पुलिस द्वारा संदिग्ध गोपाल सोनझरी निवासी पडरिया थाना अकलतरा को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपहृता को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार करने से आरोपी के विरुद्ध धारा 363,366, 376(2) (ढ) भादवि, 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, शरीफुददीन, जयप्रकाश रात्रे का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### नौकरी ने बदली पहाड़ी कोरवा मंझनीन की जीवन शैली

**कोरबा।** घने जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे कोरबा जिले से एक प्रेरक कहानी सामने आई है। यह कहानी है पहाड़ी कोरवा जनजाति समाज की मंझनीन बाई की, जिन्हें लोग राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र की प्रतिनिधि के रूप में जानते हैं। कोरबा ब्लाक के ग्राम टोकाभांठा के मंझनीन बाई का जीवन संघर्षों से भरा रहा हैं। वे एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं जहाँ जंगल ही जीवन का सहारा था। वन उपज एकत्र कर ही उनका परिवार गुज़ारा करता था। शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी थी, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कक्षा दसवीं तक अध्ययन पूरा किया। यही पढ़ाई आगे चलकर उनके जीवन में परिवर्तन की कुंजी बनी। जिला प्रशासन कोरबा ने डीएमएफ फंड के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित परिवारों को रोजगार से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसी पहल के अंतर्गत मंझनीन बाई को ग्राम अज़गरबहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में मानदेय आधार पर नियुक्ति दी गई। उनके पति किनारे लाल, जो स्वयं दसवीं पास हैं, को भी इसी योजना के तहत पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के हाई स्कूल एतमानगर में भृत्य के पद पर नियुक्ति मिली। अब दोनों पति-पत्नी आत्मनिर्भर हैं और अपने बच्चों व परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ रहे हैं।

### आरएसएस का बालकोनगर में निकला पथ संचलन



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। उसने विजयादशमी उत्सव केशव उपनगर बालकोनगर में मनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों से पथ संचलन निकाला। घोष के साथ निकाले गए संचलन का कई जगह स्वागत सत्कार हुआ। मातृशक्ति ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। बताया गया कि जिले में अंतिम रूप से 15 अक्टूबर तक नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। अगले विजयादशमी तक कई सोपान कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

### जंक फूड पर जागरूकता कार्यक्रम




**कोरबा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में जंक फूड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों/पौष्टिक खाद्य पदार्थ के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। जिसके तहत बच्चों के लिये पौष्टिक भोजन एवं स्वच्छता पर चित्रकला एवं कटपुतली नाच का आयोजन किया गया। पोषण वाटिका से संबंधित गतिविधि कराई गई। फल, सब्जी आदि से संबंधित फैंसी ड्रेस/चित्रकारी/स्थानीय स्तर पर खिलौना निर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए परिवारों में पोषण संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। पौष्टिक पूरक खाद्य पदार्थो के लिये रेसिपी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं संतुलित भोजन पर सामुहिक प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया, पोषण स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम जैसे साइकिल रैली, प्रभात फेरी, पैदल यात्रा की गई। पोषण माह के समापन पर जनजागरूकता गतिविधि का आयोजन तथा ग्राम पंचायत स्तरीय पर पौष्टिक आहार एवं संतुलित भोजन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपडा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## जिले में संचालित है 183 प्री व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास

# पदोन्नति के बाद भी छात्रावास अधीक्षकों के पद रिक्त, शिक्षक संभाल रहे प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पदोन्नति के बाद भी आश्रम छात्रावास अधीक्षकों का पद रिक्त होने के कारण शिक्षकों को अधीक्षक का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। लगभग 50 शिक्षक ऐसे हैं जो स्कूल के अध्यापन कार्य के साथ आश्रम के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे हैं। जबकि पिछले वर्ष ही पदोन्नति के साथ ही काउंसलिंग की गई थी।

**खास बात**
- जिले में एक मात्र सौ सीटर बालक छात्रावास है

आश्रम छात्रावास में लंबे समय से अधीक्षक के पद रिक्त थे, जिनमें लंबे समय बाद राज्य शासन की ओर से पदोन्नति की प्रक्रिया पिछले वर्ष शुरु की गई तब जाकर कुछ छात्रावासों को अधीक्षक मिले। इसी तरह नई भर्ती में आश्रम अधीक्षकों की भर्ती हुई। जिससे लगभग 15 नये अधीक्षक विभाग को मिले थे। अभी भी 50 से अधीक्षक आश्रम छात्रावास ऐसे हैं जिनके अधीक्षकों का काम सहायक शिक्षक या शिक्षक देख रहे हैं। इसी तरह आश्रम अधीक्षक के पद पर भी सहायक शिक्षकों को प्रभार दिया गया है। एक साथ दो प्रभार लेने के कारण शिक्षकों पर कार्य का दबाव पड़ने के साथ छात्रवास की व्यवस्था संचालन के लिए परेशानी झेलना पड़ रहा है। कई बार एक साथ दो प्रभार लेने वाले शिक्षकों को अध्यापन कार्य छोड़ कर अधीक्षक के कार्य के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाना पड़ता है।


फाइल फोटो

**जिले में संचालित आश्रम छात्रावास**

57 आश्रम, 16 पोस्ट मैट्रिक, 110 प्री मैट्रिक है, इनमें कुदमुरा बालक छात्रावास को सौ सीटर करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें अब तक केवल जटगा तुमान छात्रावास ही सौ सीटर है। शेष छात्रावास 50 सीटर, 40 सीटर और 30 सीटर हैं। बीते लंबे समय से छात्रावासों की सीट संख्या भी नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि सीट संख्या बढ़ाने के संबंध में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने शासन को पत्र भी लिखा है। जिले में पिछड़ा वर्ग के लिए केवल एक छात्रावास संचालित है वह भी बालिकाओं के लिए।

**व्याख्याता भी संभाल रहे अधीक्षिका का प्रभार**

आदिवासी विभाग के आश्रम छात्रावासों के अलावा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका का प्रभार भी व्याख्याताओं को सौंपा गया है। इन व्याख्याताओं को फिजिक्स, कैमिस्ट्री के विषय के व्याख्याता शामिल हैं। जिनकी ज्यादा जरुरत हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका बनकर बैठी हुई है। जबकि युक्तियुक्तकरण के तहत अभी कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर आश्रम में अधीक्षक का प्रभार संभाल रही विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से दूर रखा गया। प्रयास स्कूल की व्याख्याता को युक्तियुक्तकरण की काउंसलिंग में शामिल करने के बाद भी उनकी पदस्थापना सेंद्रीपाली स्कूल में की गई लेकिन अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया।

# छत्तीसगढ़ सशक्त दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन संपन्न



सम्मेलन में शामिल दिव्यांग एवं श्रमिक संघ सीटू के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ सशक्त दिव्यांगजन संघ का सम्मेलन सीटू कार्यालय कोरबा में आयोजित हुआ सम्मेलन में मुख्य अतिथि सीटू के राज्य उप महासचिव वी एम मनोहर थे।

**खास बात**
- रोजगार के साथ पीएम आवास की मांग को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

सम्मेलन में सीटू के राज्य अध्यक्ष एस एन बैनर्जी उपस्थित थे।

सम्मेलन की अध्यक्षता पन्नालाल बांधे ने की उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनो को रोजगार में प्राथमिकता मिले एवं खदानों में काम के दौरान दुर्घटना में शिकार हुए दिव्यांगजनो को उसी खदानों में काम पे रखा जाए जिससे उनके आगे का जीवन चल सके। इसी के साथ दिव्यांगजनो को कई प्रकार से आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता है और शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजनो को प्राथमिकता के आधार पर आवास योजना का लाभ मिल सके। संघ के महासचिव संतोष बंजारे ने महासचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसका सभी ने समर्थन किया। संघ के सचिव प्रदीप चंद्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन के अंत में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा कर दिव्यांगजनो की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित गुप्ता, सुखेंदु घोष, राजेश नागराज, धनंजय चंद्रा, रामाधार चंद्रा,जीडी महंत उपस्थित थे।

# स्नेहा ने नेशनल जू-जित्सु चैम्पियनशिप में जीते दो पदक



विजयी प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय जू-जित्सु चैम्पियनशिप में जिले को की उभरती जू-जित्सु खिलाड़ी लेवल अप एमएमए अकादमी की कोच स्नेहा बंजारे ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्नेहा ने नेवाज़ा वर्ग में रजत पदक और फाइटिंग वर्ग में कांस्य पदक जीतकर न केवल कोरबा जिला बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का गौरव बढ़ाया। आगामी वर्ल्ड जू-जित्सु चैम्पियनशिप (थाईलैंड) में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है और आने वाले एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के लिए भी निर्णायक मंच है। महासचिव, छत्तीसगढ़ जू-जित्सु संघ, राणा अजय सिंह ने कहा स्नेहा का प्रथम प्रयास में राष्ट्रीय स्तर पर पहुचना और दोनों केटेगरी में पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करना हम सबके लिए गर्व का क्षण है। लेवल अप एमएमए अकैडमी के निदेशक प्रेमराज बंजारे ने कहा कि हमारी एकेडमी का उद्देश्य केवल खेल सिखाना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और जीवन कौशल का विकास करना है। स्नेहा की सफलता यह साबित करती है कि सही प्रशिक्षण और निरंतर प्रयास से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचना संभव है। स्नेहा ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मैं स्वर्ण पदक जीतने का हर संभव प्रयास करूंगी, ताकि कोरबा और छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर और ऊँचा हो सके।

### मकान से चोरों ने किया हजारों का माल पार, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मकान नं एनआई-12 एसबीआई बैंक कालोनी निहारिका निवासी पवन दास महंत पिता सालीक दास महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस लि. कंपनी में क्लर्क रिकार्डर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी सेवा के कारण कंपनी की ओर से रहने हेतु एनआई-12 नंबर का मकान उपलब्धं कराया गया है। पवन के मकान के पास स्थित एनआई-9 नंबर कमान को कार्यालय के स्टोरेज रूम के रूप में प्रयोग किया जाता है जिसमें सरकारी रिकार्ड फाइलें, कम्प्युटर, यूपीएस बैटरी एसी के पार्टस वायर कंप्यूटर सर्वर आदि रखे जाते है उसी स्टोरेज रूम में पवन ने भी अपनी निजी सामाग्री लगभग 6 बोरिया एचएमटी चावल रखी थी। 11 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने बाथरूम की खिडकी को तोड़कर उस कमरे ने घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने यूपीएस बैटरी, यूपीएस मशीन, आउटडोर एसी चेंबर का कपार्टनेंट, प्रिंटर, कम्प्युटर पार्टस, एचएमटी चावल की 6 नग बोरी सहित कुल 50 हजार रुपए सामानों की चोरी कर ली है। पवन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# ई-नीलामी में आधा दर्जन रेतघाट पहले चरण में होंगे शामिल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार खनिज साधन विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए संभाग स्तर पर ठेकेदारों की बकायदा क्लास लगाई गई थी और उन्हें प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया है। अब एक सप्ताह के भीतर खनिज विभाग ऑनलाइन नीलामी के लिए तिथि निर्धारित करेगी जिसके बाद ठेकेदार प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे पहले चरण में खनिज विभाग आधा दर्जन से अधिक खदानों को ऑनलाइन नीलामी में शामिल कर सकती है। उल्लेखनीय है कि पहली बार प्रदेश में गौण खनिज साधारण रेत नियम 2025 नई नीति से ई नीलामी के जरिये रेत खदानों का आबंटन किया जाना है। इसके लिए खनिज विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोली कर्ताओं का पंजीयन बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोली कर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जाना है।

# राज्य स्तरीय स्पर्धा में दूसरे दिन रायपुर-बिलासपुर का रहा दबदबा


मैदान में खेलते बिलासपुर व दुर्ग संभाग के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रही 25 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ी अपने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरे दिन 5 संभाग में रायपुर व बिलासपुर संभाग का दबदबा रहा। हॉकी, क्रिकेट, वॉलीबॉल और वाटर पोलो की प्रतियोगिताएं शहर के खेल मैदानों में आयोजित की जा रही है। जिनको देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी अलग अलग खेल मैदानों में पहुंच रहे हैं।

लगभग सात सौ खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल, वाटर पोलो बालक बालिका के मैच खेले गए। जिनमें सभी खेलों में खिलाड़ियों उम्दा प्रदर्शन किया। देर शाम प्रतियोगिताओं के परिणाम भी जारी किये गये। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संभाग स्तरीय कोच मैनेजर, निर्णायकगण शामिल थे। हर खेल मैदान में स्कोरर टीम बनायी गई थी। प्रतियोगिता को संचालित करने के लिए जिले के सभी 35 पीटीआई के अलावा निजी स्कूल के पीटीआई की ड्यूटी लगाई गई है। तीन दिन तक चलने वाली शालेय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा। जिसमें सोमवार को हुई प्रतियोगिताओं में विजयी टीमों का अंतिम मुकाबला खेला जाएगा।

**सामने आ रही लापरवाही**

प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग के खेल प्रकोष्ठ के जिम्मेदार लोगों की लापरवाही भी सामने आ रही है। प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान बाहर से आये खिलाड़ियों के कोच मैनजर, प्रभारी सहायक जिला क्रीडा अधिकारी को ढूंढते नजर आते हैं। कई बार उन्हें मोबाइल में कॉलकर बुलाया जाता है। इसके अलावा प्रतियोगिताओं के परिणाम को जारी करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को स्वयं आगे आना पड़ रहा है। इससे जाहिर होता है कि कंट्रोल रुप में जिन अधिकारियों को परिणाम जारी करने की जिम्मेदारी दी गई है उनके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

बिलासपुर विरुद्ध बस्तर विजयी बिलासपुर
बिलासपुर विरुद्ध रायपुर विजयी रायपुर- रायपुर विरुद्ध दुर्ग विजयी रायपुर
सरगुजा विरुद्ध दुर्ग विजयी दुर्ग- रायपुर विरुद्ध दुर्ग बालिका, रायपुर विजेता
रायपुर विरुद्ध बिलासपुर बालक विजेता बिलासपुर
रायपुर विरुद्ध सरगुजा बालिका, विजेता सरगुजा।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
क्रमांक //तह./वा./जन्म-मृत्यु/2025
जांजगीर, दिनांक 13/10/2025-26
रा. प्र. क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम- सिवनी
**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम-सिवनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोहर रोहिदास पिता सकील रोहिदास साकिन ग्राम-सिवनी तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. .... ग्राम सिवनी में अपने दादा घासीराम चमार के मृत्यु दिनांक 6/6/1975 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 16/10/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक क्रं. ........ मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जांजगीर**

**न्यायालय तहसीलदार उपतहसील राहौद, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र.202510063000037/ब-121
ग्राम- राहौद, तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश अग्रवाल पिता सागरमल निवासी राहौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक कैलाश अग्रवाल के द्वारा अपने पुत्री पलक अग्रवाल को केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक कैलाश अग्रवाल पिता सागरमल द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं उसके परिवार की कुल कृषि भूमि कुल ख.नं. 1 कुल रकबा 1.53ए. है। मेरे एवं मेरे परिवार के समस्त स्त्रोतों से कुल आय 5,00,000/- पांच लाख रूपये है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27-10-25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14-10-25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**उप तहसील राहौद**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य ईंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


|| जय माँ शारदा ||
मदनलाल अग्रवाल
एण्ड कम्पनी
एक्सक्लूसिव डिजाइनर कपड़ों का
नया शोरूम
कचहरी चौक, जांजगीर में
सस्ते की 100% गारंटी
मदन लाल अग्रवाल
साड़ी
लहंगा
कोट-सूट
जेंट्स वियर
सूटिंग-शर्टिंग
किड्स वियर
गर्ल्स वियर
फर्निशिंग
दूल्हा-दुल्हन के लिए
स्पेशल स्टूडियो
भव्य शुभारंभ
14 अक्टूबर से
ब्राण्डेड कपड़ो का नया कलेक्शन
कम्पनी आथोराईज डीलर
MUFTI
KILLER
spykar
nostrum®
Being human
Raymond
कचहरी चौक, जांजगीर
99934 68346

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने नवपदस्थ बीईओ का किया स्वागत



**पामगढ़।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक पामगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा रामेद्र जोशी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ का पदभार ग्रहण करने के उपरांत नरेंद्र पांडेय संरक्षक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गणेश पटेल सचिव प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, महादेव टंडन उपाध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार प्रधान, दिलीप कुमार सुमन, शिवराम कुंभकार, आकाश पांडे, रविंद्र साहू द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर सभी पदाधिकारी द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### राज्य स्तरीय स्व आंकलन परीक्षा पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय निशुल्क, स्व आकलन प्रतियोगिता परीक्षा 2025 26 में बैठने के लिए बच्चे का फॉर्म भरने के लिए बुधवार 15 अक्टूबर अंतिम तिथि घोषित किया गया है। इस संबंध में परीक्षा समिति के डायरेक्टर बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने बताया कि परीक्षा में बैठने वाले बच्चे 15 अक्टूबर तक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीका से फॉर्म भर सकते हैं। इस राज्य स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय निशुल्क, स्व आकलन प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षा 2 नवंबर रविवार को सुबह 10 बजे रखा गया है। इसका परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा और देव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बसंतपुर बिर्रा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव जिला सारंगढ़ को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी मीडियम दोनों में होगा।

### बसंतपुर में महालक्ष्मी पूजा का आयोजन 18 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में जय मां लक्ष्मी आदर्श सेवा समिति के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां महालक्ष्मी पूजन का आयोजन 18 अक्टूबर शनिवार को कलश स्थापना एवं वेदी पूजन और मूर्ति स्थापना के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर माता सेवा गायन पार्टी से उपस्थिति की अपील की गई है। माता सेवा गायन का फाइनल प्रतियोगिता 23 अक्टूबर गुरुवार को रात्रि में रखा गया है। आचार्य पंडित कन्हैया लाल दुबे होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रुपए आदि पुरस्कार रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### ग्राम पंचायत बिर्रा में रामनाम जप सप्ताह यज्ञ 30 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर गुरुवार से शुभारंभ किया जाएगा। ज्योति कलश रक्षक सुदर्शनदास वैष्णव होंगे। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर गुरुवार की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। तत्पश्चात देव आह्वान, वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा। इस बीच दूरदराज से किर्तन मंडलियों का आगमन होता है। समिति द्वारा सभी किर्तन मंडलियों के सम्मान स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### प्रधान पाठक ने शिक्षादूत सम्मान राशि से खरीदकर बच्चों को दिया जूता-मोजा




**राहौद-मेहंदी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला पंचायत जांजगीर चांपा के ऑडिटोरियम हाल में कलेक्टर जन्मेजय महोबे के हाथों मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षक सम्मान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला गुडीपारा संकुल केंद्र मेंहदी के प्रधान पाठक चंद्रिका पटेल को शिक्षादूत सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय के प्रधान पाठक चंद्रिका पटेल ने अपने शिक्षादूत सम्मान से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जूता व मोजा खरीदकर प्रदान किया है। उन्होंने अनुकरणीय कार्य परिचय देते हुए एक नया मिशाल कायम की है, इससे निश्चित ही विद्यार्थीयों में नियमित स्कूल आने व पढ़ाई के प्रति रुचि जगाने और पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के दिशा में अभिनव पहल है। इस अवसर पर स्कूल में लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भीम प्रसाद देवांगन अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति, जेआर सारथी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संतोष अनंत संकुल प्रभारी मेंहदी, प्रदीप कमलेश शैक्षिक समन्वयक मेहंदी, रमा शर्मा सहायक शिक्षिका की उपस्थिति में छात्र- छात्राओं जूता-मोजा वितरण किया गया।

हर पल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका, मरम्मत को लेकर विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# बसंतपुर-सलिहाघाट के मध्य महानदी पर बना पुल जर्जर, दिख रहा सरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बसंतपुर और सलिहा घाट के मध्य महानदी में बना पुल जर्जर हो चुका है। यह पुल जांजगीर चांपा, सक्ती, कोरबा, बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद,रायपुर आदि कई जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी वाहन आवागमन करते हैं। पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गढ़ा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बसंतपुर और सलिहाघाट के मध्य महानदी पर बना पुल समुचित देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में खराब हो गया है। यह पुल जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा, बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद ,रायपुर आदि कई जिलों को जोड़ने वाला यह क्षेत्र का एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार



पुल के ऊपर जगह-जगह बना गड्ढा व दिख रहा सरिया।

पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी भीमकाय वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना हजारों की तादाद में भारी भारी वाहनों के चलने से इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा बन गया है। वाहन चालकों के द्वारा पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढा को बचाने के चक्कर में पुल के दाएं एवं बाईं दोनों तरफ बने रेलिंग को भी तोड़ दिया गया है। पुल के रेलिंग की टूटने के कारण राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता है, जिसके कारण वाहन चालकों के कई वाहन पलट चुके हैं। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी किसी बड़े दुर्घटना घटना का इंतजार कर रहे हैं। पुल में बने बड़े-बड़े गड्ढे पुल निर्माण में गुणवत्ता की पोल खोल रहा है। इस पुल से रोजाना हजारों लोगों के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। इसके बावजूद सेतु निगम के अधिकारी कर्मचारी मरम्मत के प्रति ध्यान नहीं दे रहे है। पुल के ऊपर में डामर की मोटा परत चढ़ाने के बजाय इसकी सुध तक नहीं ले रहे हैं। बसंतपुर एवं सलिहा घाट के मध्य में स्थित महानदी के ऊपर में बने पुल में बने बड़े-बड़े गड्ढे को रोजाना आवागमन करने वाले वाहन चालकों ने जांजगीर-चांपा और सारंगढ़ जिला के कलेक्टर से पुल की शीघ्र ही मरम्मत करवाने की मांग किए हैं।



## मिट्टी के दिए व स्थानीय व्यापारियों से खरीदी के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ हस्तनिर्मित वस्तुएं खरीदकर स्थानीय बाजारों को दें बढ़ावा

वेल विशर फाउंडेशन के द्वारा दिवाली के अवसर पर मिट्टी के दिए एवं स्थानीय दुकानदारों से खरीदी के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भगत सिंह पब्लिक स्कूल, पर्यावरण अनुकूल और लोकल दीपावली मनाएं" विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को प्रेरित करना था कि वे इस त्योहारी मौसम को और अधिक सार्थक बनाएं। स्थानीय कारीगरों का समर्थन करें और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएं। संस्था की कोषाध्यक्ष रंजन सिंह एवं सचिव चिराग शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासी प्लास्टिक या इलेक्ट्रिक लाइट्स की जगह मिट्टी के दीयों का उपयोग करें। हस्तनिर्मित वस्तुएं खरीदकर स्थानीय बाजारों को बढ़ावा दें, ऑनलाइन शॉपिंग को कम करें और स्थानीय विक्रेताओं का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर श्रीपाल सिंह ने वेल विशर फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से छात्रों में सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ,मोहन कश्यप, दीपक साहू,सौरभ सिंह, सतीष मानिकपुरी, प्रेम निलमकर, शरद सिंह, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रुचिका तिवारी ,शिक्षिकाएँ श्रीमती कंचन सिंह, श्रीमती अचला सिंह, श्रीमती रामकुमारी तिवारी, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती स्वाति यादव, सुश्री श्रेया अग्रवाल, श्रीमती सरिता यादव तथा श्रीमती मधुलता ध्रुवे उपस्थित थे।

## युवा सम्मेलन में 3 सौ से अधिक युवाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन द्वारा ग्राम अकलतरी मधुवा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दौरान यज्ञ स्थल पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए दिया छ.ग.के प्रांत विस्तारक कन्हैया चौहान ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की समृद्धि उन्नति एवं प्रगति का आधार है इतिहास साक्षी है कि संसार में जितनी भी महत्वपूर्ण क्रांतियां हुई है उनमें युवाओं की भूमिका सदैव ही महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि युवा वही जो असंभव को भी संभव करे, जो बाधाओं को दूर कर मार्ग बनाए, जो परिस्थितियों का दास ना हो उसका नियंत्रक हो जिसके अंदर संस्कार हो , जिनके अंदर उत्साह हो उमंग हो अनुशासन हो , नशा मुक्त हो ऐसे युवाओं की तलाश जमाना कर रहा है। इस मौके पर विस्तारक सविता साहू ने भी बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जिनमें संकल्प होता है। कु ऋचा स्वर्णकार ने उपस्थित युवाओं को दिशा बोध कराते हुए युवा होने का बोध कराया और



महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सफलता के सूत्र बताए । प्रशांत यादव ने बच्चों में राष्ट्र निर्माण का भाव जागृत करते हुए कहा कि युवा अपनी प्रतिभा और योग्यता को राष्ट्र के नवनिर्माण में लगाएं। इस युवा सम्मेलन में 300 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विजेंद्र यादव कोरबा, ओम प्रकाश बलभद्र, कन्हैया चौहान, सविता साहू, ऋचा स्वर्णकार, खिलावन पटेल प्रशांत यादव, महेश्वर कश्यप, ओम प्रकाश राठौर , दीपक साहू राकेश श्रीवास, रामधन कौशिक, कमल कश्यप, के.बी साहू, लखन राठौर, अमित राठौर, अजय गोस्वामी, धनंजय श्रीवास,कु श्रुति साहू, बद्री विशाल कौशिक , जीतराम साहू ,कांति कर्ष, दिनेश साहू, गोवर्धन कश्यप, छोटू कश्यप, फिरोज कश्यप,सोहन ,सागर ,सावित्री कश्यप सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सात्विक व्यक्ति भगवान की सेवा करे तो श्रेष्ठ फल की होती है प्राप्ति : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ शिव महापुराण कथा के सातवें दिन व्यास आचार्य ने वाणासुर, हिरण कश्यप व भगवान नरसिंह की सुनाई कथा

ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण के सातवें दिन व्यास आचार्य मनोज पांडे ने बाणासुर, उषा हिरण कश्यप व भगवान नरसिंह की कथा सुनाई। इसके अलावा उन्होंने तुलसी, भगवान शालिग्राम और भगवान शिव जी के विभिन्न अवतारों की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

तुलसी वृंदा की कथा में आचार्य पांडेय ने कहा कि तुलसी भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए तपस्या करने के लिए वन गई। मार्ग में गणेश जी से भेंट होने पर गणेश जी को ही अपने पति के रूप में वरण करना चाहती थी, परंतु गणेश जी ने मना किया और तुलसी को श्राप दे दिया कि मेरी पूजा में तुलसी का



शिव महापुराण कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय एवं यजमान के साथ आरती करते श्रद्धालु।

प्रयोग नहीं होगा और भगवान कृष्ण की जगह बाद में शंखचूड़ तुम्हारा पति होगा, शंखचूड़ भगवान कृष्ण का ही आलोक धाम का मित्र है। श्री राधा जी के साथ से उसे पृथ्वी में जन्म लेना पड़ा था और वृंदा तुलसी के साथ उसका विवाह हुआ। अनेकों वर्ष की तपस्या के पश्चात उसे एक दिव्य कवच की प्राप्ति हुई थी और तुलसी का अस्तित्व भी उसके लिए एक कवच का कार्य करता था। भगवान जी ने ब्राह्मण का वेश बनाकर उसका कवच दान में मांगा और पति के रूप में जाकर तुलसी का सतीत्व भंग किया, जिसके कारण उसके पति की मृत्यु हुई। तुलसी के श्राप से ही भगवान विष्णु शालिग्राम के रूप में प्रतिष्ठित हुए। देखा जाए तो यह तुलसी का श्राप नहीं बल्कि लोगों को घर-घर भगवान के स्वरूप की प्राप्ति हो जाए, यह एक कृपा ही है। भगवान शालिग्राम प्रत्यक्ष कृष्णा है, उनकी नित्य सेवा होनी चाहिए। भगवान शालिग्राम की सेवा का अधिकार ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र सभी वर्णों को है परंतु सात्विक होना चाहिए। सात्विक व्यक्ति भगवान की सेवा करें तो उसे शालिग्राम जी की सेवा से श्रेष्ठ फल की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण करने माधो प्रसाद पाण्डेय, जगदीश तिवारी, गोपाल प्रसाद पाण्डेय, के के पांडेय, सिवनी के के सकला, बोडसरा विजय तिवारी, राकेश तिवारी, रमा कान्त तिवारी, राम कुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी, रवि संकर चौबे बसंत लाल तिवारी राकेश पांडेय, सरपंच देवनारायण सिदार, हेमंत साहू आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना वर्ष पर पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वें स्थापना वर्ष श्री विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य पर पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम कोसला मंडल में संपन्न हुआ। संचलन में सैंकड़ों स्वयं सेवकों ने हिस्सा लिया।

संचलन की शुरूआत शासकीय विद्यालय भांठा पारा से बंधवा पारा, गुड़ी चौंक, चंदन सागर पारा, मानसरोवर पारा से होते हुए बाजार चौंक कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। रास्ते में महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोरबा विभाग के प्रचारक योगेश्वर साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता रूपचंद साहू जनपद उपाध्यक्ष पामगढ़ ने की। साथ ही मंच पर विकास अग्रवाल जिला सह व्यवस्था प्रमुख मौजूद रहे। मुख्य वक्ता योगेश्वर साहू ने हिंदू संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू



कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सेवकों को संबोधित करते अतिथि।

संगठन ही एक ऐसा संगठन है जो राष्ट्र प्रेम की राह दिखाता है और विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठन के माध्यम से ही हम अपने समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम उपरांत जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू एवं ग्राम पंचायत कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे द्वारा मुख्य वक्ता को माता कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला' धाम का चित्र भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक के रूप में भागीरथी कश्यप पामगढ़ खंड कार्यवाह, भूपेन्द्र साहू खंड व्यवस्था प्रमुख, विजय कश्यप सोशल मीडिया प्रमुख, अनिल कश्यप मंडल कार्यवाह कोसला, चंदन यादव सहकार्यवाह, हरीश पटेल शारीरिक प्रमुख सहित कोसला मंडल के सभी 8 ग्रामों के स्वयं सेवक, अनुसांगिक संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मैराथन में संजना एवं अजीम को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए मैराथन दौड़ का शुभारंभ लायंस क्लब के अध्यक्ष गगन सिंघानिया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने "स्वस्थ रहो, आगे बढ़ो" के नारों के साथ दौड़ लगाई। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरी व्यवस्था संभाली तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मैराथन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान में संजना कौशिक कक्षा नवमी, द्वितीय स्थान में साक्षी साहू कक्षा दसवीं और तृतीय स्थान में श्रुति सिंह बैस ने प्राप्त किया। इसी



हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारंभ करते अतिथि।


तरह बालक वर्ग में प्रथम स्थान अज़ीम अहमद कक्षा नवमीं ,द्वितीय स्थान में मांशु प्रकाश कक्षा बारहवीं और तृतीय स्थान में पुष्प कुमार साहू कक्षा नवमीं रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। मैराथन जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सहनशक्ति बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरणा देती हैं। इस दौरान समूचा विद्यालय उत्साह, जोश और खेल भावना से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

## बढ़ते बिजली बिल व अघोषित बिजली कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने एवं स्मार्ट मीटर के लगने से बिजली बिल में हो रही है बढ़ोतरी, ट्रांसफार्मर की कमी एवं अघोषित रुप से बिजली की कटौती के विरोध में ग्राम पंचायत हसौद के अंबेडकर चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं बिजली ऑफिस कार्यालय हसौद का घेराव किया गया।

कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से किसान व मजदूर सब परेशान है। छतीसगढ़ में लगातार बिजली बिल के दरो में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आमजन की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। स्मार्ट मीटर के लगने से लगातार बिजली बिल बढ़ रहा है। अत्यधिक बिजली बिल आ रहा है। प्रदेश भर में ट्रांसफॉर्मर की कमी हो



उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पदाधिकारी।

रही है, जिससे आमजन व ग्रामीणों को महीने भर अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। आगे सम्बोधित करते हुए भार्गव ने कहा अगर उक्त पांच सूत्रीय मांगों को पुरा नहीं किया जायेगा तो कांग्रेस पार्टी और आमजन यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। साथ ही आगे बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। कुशल कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की जब से भाजपा सरकार आई है लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा शासनकाल में किसान जवान मजदूर सब वर्ग के लोग परेशान है। उक्त कार्यक्रम को विजय चन्द्रा, मधुसूदन साहू , हरीलाल खटर्जी, दादूराम सोनवानी, ओमप्रकाश बर्मन, प्यारे साहू ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश महेश प्रदेश महामंत्री इंटक कांग्रेस ने किया तथा कार्यक्रम का आभार कृष्णा पटेल सेक्टर अध्यक्ष परसदा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

